हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35 .4 डिग्री
न्यूनतम 10 .8 डिग्री

11 मन लगाकर पढ़ें, जीवन सफल हो जाएगा...



12 विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हलके के पांच गांवों में विकास कार्यों...



# गेहूं खरीद के लिए ओपन हुआ पोर्टल, पहले दिन मंडी में फसल लेकर पहुंचे इक्का-दुक्का किसान

- दो हजार एकड़ भूमि की फसल अब भी मिस मैच, मंडी में सरसों की आवक तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग स्थित नई अनाज मंडी सहित जिले में स्थित 22 खरीद केंद्रों पर गेहूं की फसल की खरीद प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। हालांकि मंगलवार को सोनीपत अनाज मंडी में दो-चार किसान गेहूं लेकर मंडी में पहुंचे। वहीं उक्त किसान के गेहूं मे काफी अधिक नमी होने की वजह से उसकी खरीद नही हो पाई। वहीं शुरूआत में उन किसानों को फसल बेचने में परेशानी झेलनी पड़ सकती है, जिन किसानों का फसल पंजीकरण वैरिफाई नहीं हुआ है या फिर डाटा मिसमैच पाया गया है। सोनीपत जिले में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करीब 2000 एकड़ भूमि की फसल का डाटा मिसमैच है। जिसे आला अधिकारियों द्वारा वैरिफाई किया जा रहा है।



बता दें कि सोनीपत अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुए करीब एक सप्ताह हो चुका है। सरसों की खरीद के लिए पोर्टल भले ही 15 मार्च से ओपन हुआ था, लेकिन आवक बढ़ने के बाद खरीद प्रक्रिया गत सोमवार को ही शुरू हुई थी। वहीं अब गेहूं की खरीद प्रक्रिया के लिए 1 अप्रैल से पोर्टल ओपन हुआ है। सरकार द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण करवाना किसानों के लिए अनिवार्य किया गया है। मौजूदा रबी सीजन में किसानों द्वारा 1 लाख 45 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल उगाई गई है। जिले में किसानों ने 2 लाख 30 हजार 304 एकड़ भूमि में उगी गेहूं की फसल का पंजीकरण करवाया है।





सोनीपत। मंडी में पहुंची गेहूं की फसल व उसे साफ करते हुए श्रमिक। फोटो: हरिभूमि

## मंडी में 4500 क्विंटल से अधिक सरसों की खरीद

वहीं दूसरी तरफ सोनीपत अनाज मंडी में सरसों की आवक में लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को सुबह 10 बजे तक ही 54 गेट पास जारी किए गए थे। अब तक 4500 क्विंटल से अधिक सरसों की खरीद सोनीपत अनाज मंडी में की जा चुकी है। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जिले में 10 हजार 871 एकड़ भूमि का किसानों ने पंजीकरण करवाया है।

### 22 केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया शुरू

*प्रशासनिक दिशा-निर्देशों पर जिले में मंडियों के साथ-साथ 22 खरीद केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो चुकी है। जिसके लिए तैयारियों को पूरा किया जा चुका है। किसानों की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। गेहूं की आवक तेज होने में अभी सप्ताह भर का समय लग सकता है।*

*-ज्योति मोर, सचिव, मार्केट कमेटी, सोनीपत*

## खबर संक्षेप

### एसबीआई का कर्मी बता खाते से उड़ाए 49 हजार

**गन्नौर।** गांव कैलाना निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि 16 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को भारतीय स्टेट बैंक का कर्मचारी बताते हुए उनके क्रेडिट कार्ड का पिन बनाने को कहा। फिर व्हाट्सएप पर एक ऐप भेजकर उसमें जानकारी भरने को कहा। महेंद्र ने ऐप में कार्ड की जानकारी दी, जिसके बाद उनके खाते से तीन ट्रांजेक्शन में 49 हजार रुपये कट गए। घटना की जानकारी उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर दी थी। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### काम करने के लिए निकला युवक लापता

**गोहाना।** गांव मोई हुड्डा से काम करने के लिए निकला युवक लापता हो गया। पिता की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। जयपान ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गुलाब मजदूरी करता है। वह गुरुग्राम में कंपनी में काम करने की बात कहकर घर से गया था। छोटा बेटा सचिन 29 मार्च को उसे बाइक पर रुखी में बस स्टैंड पर छोड़कर आया था। इसके बाद गुलाब लापता हो गया।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसटीएफ सोनीपत पुलिस टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन उर्फ चिनू उर्फ बाबा निवासी देहरा पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सहायक उप निरीक्षक हितेंद्र की टीम ने गश्त के दौरान मुरथल जीटी रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ पाया गया। आरोपित को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समितित की बैठक

# 71 करोड़ 91 लाख रुपये के होंगे विकास कार्य



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद मेयर व अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समिति की मेयर चुनाव के बाद तीन घंटे तक चली पहली बैठक में लगभग 71 करोड़ 91 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। बैठक की अध्यक्षता महापौर राजीव जैन ने की। कमेटी की अगली बैठक 7 अप्रैल को दोबारा होगी जिसमे बचे हुए एस्टीमेट पर चर्चा होगी। बैठक के बाद राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी वार्डों में सामान विकास की नीति पर अमल करते हुए, हर वार्ड में विकास कार्यों की मंजूरी दी गई है। एजेंडा में शामिल सात कार्यों को सथगित किया गया है जिनका मौका देखने के बाद पुनः कमेटी की बैठक में रखा जायेगा। बैठक में आयुक्त हर्षित कुमार, सह आयुक्त नरेश कुमार, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, पंकज सैनी, अजय निराला, उपमंडल अभियंता देवेंद्र, मुख्य अकाउंट अधिकारी संजय कुमार समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

*शहर के विकास को लेकर कार्य किया जाना है। जनता की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे है। आगामी बैठक में बचे विकास कार्यों पर चर्चा की जायेगी। जल्द से जल्द विकास कार्य करवाने पर जोर दिया जाएगा।*
*-राजीव जैन मेयर सोनीपत नगर निगम*

## इन विकास कार्यों को दी गई मंजूरी

वार्ड 1 - ऋषि कॉलोनी में वाटर वर्क्स की जमीन में 9 करोड़ 97 लाख की लागत से पार्क का निर्माण
वार्ड 2 - संत कबीर भवन का कार्य पूरा करने के लिए - 68 लाख 63 हजार
वार्ड 3 - सेक्टर 14 की गलियों में बरसाती पानी की लाइन डाली जाएगी - 1 करोड़ 12 लाख
वार्ड 3 - सेक्टर 14 की हाउसिंग बोर्ड की गलियों की मरम्मत 53 लाख 13 हजार
वार्ड 3 -4 - विवेकानंद चौक से सिविल हस्पताल तक सीवरज की लाइन डालने पर - 3 करोड़ 94 लाख 84 हजार
वार्ड 4 - सेक्टर 15 बिहारी मार्किट के पास ग्रीन बेल्ट का पुनर्निर्माण - 98 लाख 42 हजार,
वार्ड 4 - सेक्टर 12 में राजकीय कन्या कालेज से लेकर फाजिलपुर तक मुख्य सड़क का पुनर्निर्माण - 2 करोड़ 32 लाख
वार्ड 5 - हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गलियों का निर्माण - 83 लाख 80 हजार
वार्ड 5 - देवरू रोड पर शिव कॉलोनी की गली नंबर 7 से 9 के बीच गलियों की मरम्मत - 82 लाख 54 हजार
वार्ड 6 - फाजिलपुर गढ़ शहजानपुर में गलियों की मरम्मत - 61 लाख 25 हजार
वार्ड 6 - रेवली गांव में पार्क का निर्माण - 2 करोड़ 48 लाख
वार्ड 6 - गांव मुरथल में बने 3 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट वाली सड़क का निर्माण - 71 लाख 81 हजार
वार्ड 7 - राइ गांव में सामुदायिक भवन के साथ जमीन पर खेल ग्राउंड - 99 लाख 40 हजार
वार्ड 7 - राइ गांव में सड़कों की मरम्मत - 1 करोड़ 45 लाख
वार्ड 7 - जी टी रोड से शामाबाद वाले रास्ते की मरम्मत - 93 लाख
वार्ड 9 - गांव राठधना, जगदीशपुर में गलियों की मरम्मत - 75 लाख 23 हजार
वार्ड 9 - गांव राठधना में चौपाल का पुनर्निर्माण - 54 लाख 85 हजार
वार्ड 9 - विभिन्न पार्कों में लाइट की व्यव्स्था - 52 लाख
वार्ड 9 - कलावती विहार में पानी की लाइन बिछाने पर - 98 लाख
वार्ड 9 - गांव जगदीशपुर में ग्राउंड की दिवार एवं फुटपाथ - 1 करोड़ 29 लाख
वार्ड 9 - गांव राठधना में खेल ग्राउंड की चारदीवारी तथा फुटपाथ - 55 लाख
वार्ड 10 - सिद्धार्थ कॉलोनी में हनुमान मंदिर वाली सड़क का निर्माण - 1 करोड़ 8 लाख
वार्ड 10 - सिक्का कॉलोनी, नंदवानी नगर में पुष्पांजलि एन्क्लेव की गलियों का निर्माण - 1 करोड़ 93 लाख
वार्ड 11 - कच्चे क्वार्टर झंडी मंदिर वाली सड़क का पुनर्निर्माण - 65 लाख 51 हजार
वार्ड 11 - शम्भूदयाल डिस्पोजल से गीता भवन तक सीवर की बड़ी लाइन को बदलने पर - 2 करोड़ 54 लाख
वार्ड 11 - कच्चे क्वार्टर, प्रेम नगर से सीवर लाइन को बदलने - 1 करोड़ 19 लाख 72 हजार
वार्ड 11 - मशद मोहल्ला, शिवाजी कॉलोनी, ज्ञान नगर, नई महावीर कॉलोनी की गलियों की मरम्मत - 1 करोड़ 17 लाख
वार्ड 11 - 12 - 13 ओल्ड डीसी रोड का पुनर्निर्माण - 1 करोड़ 39 लाख
वार्ड 13 - कबीर पुर, जीवन विहार, शांति नगर में गलियों की मरम्मत - 3 करोड़ 16 लाख
वार्ड 14 - जाट जोशी गांव में पानी की लाइन बिछाने - 50 लाख 54 हजार
वार्ड 16 - गांव लहराड़ा में सामुदायिक भवन को पूरा करने - 98 लाख 74 हजार
वार्ड 16 - सूरी पेट्रोल पंप वाली गली की मरम्मत - 83 लाख 62 हजार
वार्ड 16 - दहिया कॉलोनी, कबीर नगर की गलियों का निर्माण - 2 करोड़ 10 लाख
**वार्ड 16** - विशाल नगर, ब्रह्म नगर की सीवेरज लाइन को बदलने के लिए - 99 लाख 40 हजार
वार्ड 18 - विकास नगर, मालवीय नगर की गलियों की मरम्मत - 2 करोड़ 42 लाख
वार्ड 18 - सेक्टर 23 की ग्रीन बेल्ट की दीवारों की मरम्मत एवं ग्रिल लगाने - 1 करोड़ 58 लाख 25 हजार
वार्ड 19 - इंडियन कॉलोनी की गलियों की मरम्मत - 1 करोड़ 37 लाख
वार्ड 20 - प्रगति नगर, अशोक विहार में गलियों की मरम्मत - 2 करोड़ 64 लाख
वार्ड 20 - अशोक विहार में पेयजल लाइन को बदलने के लिए - 64 लाख 12 हजार
वार्ड 20 - प्रगति नगर में जेल के पीछे सीवर लाइन बिछाने - 88 लाख 80 हजार
शहर में सीवेरज एवं बरसाती नालों का संचालन एवं रखरखाव - 4 करोड़ 95 लाख
शहर के पूर्वी क्षेत्रों के लिए सीवेरज डिस्पोजल का संचालन - 69 लाख 39 हजार
शहर के पार्कों में बेंच एवं ट्री गार्ड - 1 करोड़ 50 लाख इसके अतिरिक्त सभी वार्डों के अंदर सीवेरज की लाइन की सफाई के लिए 10-10 लाख रुपये तथा छोटी छोटी मरम्मत के कार्यों के लिए 5-5 लाख रुपये के टेंडर लगाए जाएंगे।

# फोन चोरी करके निकाली एक लाख रुपये की राशि

- पीड़ित के बयान पर पुलिस ने किया विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित मुरथल के ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके चालक का मोबाइल चोरी कर खाते से आनलाइन एक लाख रुपये ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर थाना मुरथल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

गांव गडोलेपुर उत्तर प्रदेश निवासी संयोग ने बताया कि वह कंटनेर चलाता है। वह पंजाब से सामान लोड कर बंगाल जा रहा था। जब मुरथल के पास पहुंचा तो खाना खाने के लिए रुक गया। वह कंटेनर सर्विस रोड पर खड़ा कर खाना खाने चला गया। खाना खकर वापस लौटे तो गाड़ी की चालक साइड की खिड़की खुली मिली। अंदर देखा तो मोबाइल गायब मिला। इसके बाद वह चले गए। फरीदाबाद जाकर दूसरी सिम ली। जब नंबर चालू किया तो नंबर पर 1,00712 रुपये कटने का मैसेज मिला। चोरी के बाद चोर ने उसके खाते से आनलाइन ट्रांसफर की है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आईटीआई जुआं के निजीकरण की आशंका से ग्रामीणों का रोष प्रदर्शन

- केंद्र पर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जुआं-सिटावली सड़क मार्ग पर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआइ) को निजी कंपनी को सौंपे जाने की खबर को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों व आईटीआई में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने जिला उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर रोष प्रदर्शन किया। जहां नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

विद्यार्थियों ने मांग की कि जुआं आईटीआइ को सरकारी संस्थान के रूप में ही बनाए रखा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि इस आईटीआइ के लिए



सोनीपत। रोष-प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण व छात्र-छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

गांव की पंचायत ने जमीन निशुल्क पट्टे पर दी थी और यहां जुआं समेत माहरा, सिटावली, चिटाना, भटाना, रहमाणा, जाजी, चटिया, सलीमपुर ट्राली, नैना तातारपुर, करेवड़ी, रोलद आदि गांवों के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जुआं निवासी धर्मबीर, संदीप, अनुज, राजेश, संजय, ने बताया कि अगर संस्थान को निजी हाथों में सौंप दिया गया तो विद्यार्थियों को गोहाना या सोनीपत आइटीआई में जाना पड़ेगा, जो काफी दूर है। इससे खासकर छात्राओं को आने-जाने में कठिनाई होगी। इसके अलावा, निजीकरण के बाद फीस भी हजारों में बढ़ जाएगी, जो गरीब परिवारों पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आसपास के गांवों की पंचायतें भी विरोध में उतरेंगी।

# कारोबारी बताकर ठग ने युवती से 1.15 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

साइबर ठग ने खुद को लंदन में कारोबारी बताकर गांव बुटाना की युवती से 1.15 लाख रुपये ठग लिए। दोनों इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर बातचीत करने लगे थे। जिसके बाद ठग ने कहा कि उसके लिए गिफ्ट भेजा है, जिसे लेने के लिए टैक्स देना पड़ेगा। युवती ने रुपये ट्रांसफर किए, जिसके बाद उसने बातचीत बंद कर दी। इस पर उसे ठगी का अहसास हुआ। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया।

युवती ने पुलिस को बताया कि वह गोहाना में काम करती है। लगभग एक माह पहले इंस्टाग्राम आइडी पर अमनप्रीत नाम के युवक से उसकी बातचीत होने लगी। युवक ने बताया कि वह लंदन में रहता है और कारोबार करता है। उसके माता-पिता जीवित नहीं हैं और वह मूल रूप से चंडीगढ़ का रहने वाला है। इस पर युवती के स्वजन युवक से उसकी शादी के संबंध में बातचीत करने लगे।

इसके बाद वाट्सएप नंबर पर बातचीत होने लगी। कुछ दिन पहले अमनप्रीत ने कहा कि उसने लंदन से गिफ्ट भेजा है, जिसे दिल्ली एयरपोर्ट पर रोक लिया गया है। उसके बाद अज्ञात नंबर से फोन करके युवक ने कहा कि वह दिल्ली से कोरियर वाला बोल रहा है और आपके नाम का कोरियर है।

आपको टैक्स देकर कोरियर लेना पड़ेगा। इसके बाद अमनप्रीत से बातचीत की तो उसने रुपये देने के लिए एक नंबर से क्यूआर कोड भेज दिया। इस पर 10 व 11 मार्च को 1.15 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए।

# साइबर ठगों का आंतकः तीन युवकों के खाते से निकाली लाखों रुपये की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- साइबर ठगों ने युवक के अकाउंट से की खरीदारी
- वहीं, दो अन्य के खातों से भी ट्रांसफर किए गए रुपये

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने अलग-अलग तीन खातों से ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। एक युवक के क्रेडिट कार्ड से 1.34 लाख रुपये की खरीदारी कर डाली। जबकि दो अन्य युवकों के खातों से भी लाखों रुपये की राशि ट्रांसफर कर ली। जबकि उनके पास न कोई ओटीपी आया और उन्होंने न ही किसी को खाते से संबंधित कोई जानकारी किसी के साथ साझा की। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। ओमेक्स सिटी निवासी अशोक ने बताया कि गत चार मार्च को उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से 1,34,183 रुपये कटने का संदेश आया। उनके खाते से फ्लिपकार्ट से खरीदारी की गई है।

***न ओटीपी आया न दी जानकारी, फिर भी कटे रुपये :*** रोयल इस्पानिया के रहने वाले परीक्षित ने पुलिस को बताया कि उनका कोटक महिंद्रा बैंक में खाता है। उनके पास 13 फरवरी को मैसेज आया कि उनके खाते से 1.50 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए है। परीक्षित का कहना है कि उन्होंने किसी को न तो ओटीपी दिया और न ही खाते से संबंधित कोई अन्य जानकारी साझा की।

***फैक्ट्री कर्मचारी के खाते से उड़ाए एक लाख रुपये:*** कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले बिहार के मुज्जरपुर के जाकिर के खाते से भी रुपये कटे है। जाकिर ने बताया कि उनके मोबाइल पर खाते से एक लाख रुपये कटने का मैसेज आया। जांच की तो उनके खाते से एक लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे।

## लहरी सिंह पार्क की देखरेख पर प्रति माह 42000 रुपये के हिसाब से 1 साल का दिया है टेंडर

# लापरवाही उजागर होने के बाद जागा पालिका प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

नगर पालिका के साथ लगते लहरी सिंह पार्क की देखरेख व साफ सफाई वह आवारा पशुओं के जमवाड़े का मामला उजागर होने के बाद नगर पालिका प्रशासन जागा। नगर पालिका के जेई ने सफाई का निरीक्षण किया। ज्ञात रहे की लहरी सिंह पार्क की देखरेख पर नगर पालिका द्वारा प्रति माह पेड़ पौधों की नलाई, सफाई व देखरेख करने के लिए एक साल के समय तक 42000 का टेंडर छोड़ा है। पिछले दिनों पार्क की देखरेख मे लापरवाही का मामला उजागर हुआ था। लहरी सिंह पार्क में आवारा गोवंशों का झुंड घुसा हुआ था लेकिन उन्हें बाहर



गन्नौर। पार्क का निरीक्षण करते नपा जेई व सफाई करता ठेकेदार का कर्मचारी।

निकलने वाला कोई भी ठेकेदार की तरफ से कर्मचारी तक मौजूद नहीं था। आवारा पशुओं के पार्क में घुसने से परेशान होकर जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने आवारा पशुओं को बाहर निकाला। आवारा पशु पार्क को नुकसान पहुंचा रहे थे। इतना ही नहीं ये पशु पार्क में घूमने वालों पर भी हमला कर देते हैं। आवारा पशुओं की समस्या न केवल स्वच्छता के लिए खतरा है, बल्कि यह घूमने आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

पार्क में घूमने आए महेंद्र, रणबीर ने बताया कि पार्क की देखरेख के लिए नगर पालिका प्रतिमा हजारों रुपए खर्च रही है और पार्क में इस तरह आवारा पशु घूम रहे हैं तो ठेकेदार इसके प्रति जिम्मेदारियां नहीं निभाता है तो वही नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा नहीं कर रहे थे। शहरवासियों ने विधायक व प्रशासन से मांग की थी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और देखरेख के लिए हुए टैंडर एजेंसी को भी सख्त आदेश दिए जाएं कि वह पार्क की देखरेख का जिम्मेदारी से कम करे। नगरपालिका के जेई अरविंद ने बताया कि पार्क में उन्होंने खुद जाकर देखा है और ठेकेदार को भी आदेश दिए हैं।



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*



### निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 45 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य



गोहाना। गोहाना-जींद मार्ग स्थित शहर के शिव नगर में मंगलवार को आयोजित वार्षिक शिविर में एक महिला समेत 45 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर शिव धर्मशाला में आयोजित किया जिसमें रेडक्रास रक्त बैंक दिल्ली की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। शिविर के मुख्य अतिथि शैक्षणिक खंड मुंडलाना के बीईओ बसंत दिल्लों थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी विजय, कैमिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव प्रदीप चहल और हरेंद्र दहिया ने शिरकत की।

### हिंदू विद्यापीठ में हवन सेरेमनी का आयोजन



सोनीपत। हिंदू विद्यापीठ के परिसर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ पवित्र हवन समारोह के साथ किया। हिंदू चैरिटेबल एंड एजुकेशनल सोसाइटी के वर्तमान अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के साथ संस्था के अन्य सम्मानित सदस्य,विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, विद्यार्थी तथा अभिभावक भी उपस्थित रहे। विद्वान आचार्य ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि विधान से हवन संपन्न कराया। हवन का उद्देश्य छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना व स्कूल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था।

### छात्राओं व अभिभावकों को बताई योजनाएं



खरखौदा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान हवन यज्ञ करने के साथ ही स्कूल व शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी छात्राओं व अभिभावकों को दी गई। प्राचार्य नीलम दलाल की अगुवाई में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगरपालिका के कई पार्षदों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य ने कहा कि पहली से आठवीं कक्षा तक की छात्राओं को निःशुल्क वर्दी व किताबों सहित बैग भी मुहैया करवाए जाते हैं।

### 39 साल की सेवा के बाद सब इंस्पेक्टर दलेल सेवानिवृत्त



सोनीपत। बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर सेक्टर 23 निवासी दलेल सिंह संधू 39 वर्ष की सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमें दिल्ली छावला बीएसएफ सेंटर 25 बटालियन के कमांडेंट संदीप खत्री, असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह ने अपना संदेश देते संधू के कार्य शैली की सराहना की। खत्री ने कहा कि सेवानिवृत हो रहे दलेल सिंह ने अपनी ड्यूटी का कार्य पूरी ईमानदारी मेहनत लगन से किया।

### भाकियू ने मंडी में सरसों से भरी बोरियों का तोल जांचा



गन्नौर। भाकियू (अ) के पदाधिकारी मंगलवार को नई अनाज मंडी में पहुंचे। यूनियन ने किसानों की सरसों की खरीद का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक, ब्लाक अध्यक्ष बलजीत, राजेंद्र ने सरसों में तोल की भी जांच की। सरसों की बोरियों का तोल संतोषजनक पाया गया। जयभगवान मलि ने आढतियों से अपील करी कि वे मंडी में आने वाली फसलों का तोल सही तरह से करें, ताकि किसानों को कोई नुकसान न हो। उन्होंने प्रशासन को भी चेताया कि गेहूं की सीजन शुरू हो चुका है।

### विद्यार्थी पढ़ाई में कोई कोताही न बरतें

# छात्र मन लगाकर पढ़ें, जीवन सफल हो जाएगा : उत्तम राठी

## जेकेआर पब्लिक स्कूल में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई को लेकर बरती गई लापरवाही पूरे जीवन को बर्बाद कर देती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महम मार्ग पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेके आर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। हवन में गुरु और शिष्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली।

मुख्य वक्ता स्कूल के उप प्रबंधक उत्तम राठी ने कहा कि विद्यार्थी काल जीवन का मूल आधार होता है। जीवन को सफल बनाने के लिए विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई को लेकर बरती गई लापरवाही पूरे जीवन को बर्बाद कर देती है। इसीलिए विद्यार्थी पढ़ाई में कोई कोताही न बरतें। उत्तम राठी ने कहा कि शिक्षा वह धन है जिसे न तो कोई चुरा सकता है और न ही कोई छीन सकता है।



गोहाना। हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालते शिक्षकगण और विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



राजकीय स्कूल बेगा में प्रवेश उत्सव के अवसर पर हवन में आहुति डालते शिक्षक ।

हवन में प्राचार्य, मुख्य अध्यापिका संगीता मुंजाल, रेखा पांचाल, सुभाष चंद्र, कुलदीप व संतोष सहित अन्य शिक्षकगणों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली।

### विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में ही दाखिले लें: प्राचार्य

गन्नौर । राजकीय वमावि बेगा में प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में हवन करवाया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने आहुति डाली। इस अवसर पर प्रवेश उत्सव में प्राचार्य सतबीर धनखड ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कहा कि विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में ही दाखिले लें। सरकारी स्कूलों में निपुण स्टाफ के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुनीता राठी ,जयभगवान , जितेंद्र, रविन्द्र,प्रमोद आदि मौजूद रहे।

# सूरत सिंह 25 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

- कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त कर्मचारी सूरत सिंह के कार्यों की सराहना की और उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहानाा

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान में चौकीदार के पद पर कार्यरत सूरत सिंह मलिक मंगलवार को अपनी 25 वर्ष की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विवि स्टाफ ने उनको स्मृति चिह्न भेंट करके विदा किया।कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त कर्मचारी सूरत सिंह मलिक के कार्यों की सराहना की और उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में यहां के कार्यरत कर्मचारियों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, आयुर्वेद के प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश गौतम, डॉ. एपी नायक, वित्त अधिकारी रविदत्त एवं सहायक कुलसचिव प्रदीप ढल उपस्थित रहे।



गोहाना। सेवानिवृत्त कर्मचारी को सराहना पत्र भेंट करते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मैराथन में भाग लेने वालों का किया स्वागत

सोनीपत। हरियाणा सरकार की तरफ से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को सोनीपत हाफ मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में हजारों बच्चों और युवाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। सोनीपत हाफ मैराथन प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की छात्राओं सिया और सानिया ने 5 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में तथा 11वीं कक्षा के छात्र सौरभ ने 10 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या मिस हेमा चतुर्वेदी जी तथा पूरे स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### यज्ञ के साथ स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया



सोनीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बीसवांमील के प्रांगण में प्रवेश उत्सव मनाया । इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने एकत्रित होकर सृष्टि का श्रेष्ठ कर्म यज्ञ किया। यज्ञ में प्रधानाचार्य नरेंद्र खापरा व वरिष्ठ प्रवक्ता गुलाब सिंह ने यजमान की भूमिका निभाई। बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए गांव बढ़मलिक के सरपंच फूलकुमार व पंचायत के सदस्य तथा विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य मौजूद रहे। आचार्य प्रवीण कुमार ने यज्ञ के ब्रह्म की भुमिका निभाई। प्रधानाचार्य नरेंद्र खपरा ने नए दाखिले के लिए आए विद्यार्थियों का फूल मालाओं से स्वागत किया व तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश दिया गया।

### विकास में नहीं छोड़ेंगे कसर : हीरालाल

खरखौदा। नपा खरखौदा के नवनिर्वाचित चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने मंगलवार को विधायक पवन खरखौदा की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। पदभार संभालने के बाद कहा कि शहर के लोगों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चेयरमैन बनाया है, वह उसे टूटने नहीं देंगे और लोगों की कसौटी पर खरे उतरेंगे। अब प्रदेश में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बन चुकी है। जिसके आधार पर यह कह सकते हैं कि शहर के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहेगी। विधायक पवन खरखौदा ने स्पष्ट किया कि खरखौदा को गोहाना जिला में शामिल किए जाने का भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके विधायक रहते सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे नहीं होने दिये जाएंगे। एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर होने वाली समीक्षा बैठकों में वह न केवल मौजूद रहेंगे।



खरखौदा। चेयरमैन हीरालाल इंदौरा का स्वागत करते गणमान्य।



सोनीपत। हवन के दौरान मौजूद स्कूल स्टाफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### हैप्पी चाइल्ड में प्रवेश संस्कार का आयोजन

सोनीपत। हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महलाना रोड ,सोनीपत में मंगलवार को शाला प्रवेश संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से किया गया। पी पी 3 के छात्र समर्थ द्वारा संपूर्ण हनुमान चालीसा का पाठ, विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान, गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से समां बांध दिया ।छात्रा यशवी व मुस्कान के भजन अच्युतम केशवम ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान ने विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व से अवगत कराया और समझाया कि अनुशासन विद्यार्थी जीवन के लिए नितांत आवश्यक है। छात्रों को नए सत्र की बधाई देते हुए जीवन में कठिन परिश्रम करते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर विद्यालय के संपूर्ण शिक्षक उपस्थित रहे।

### हवन के साथ किया हिन्दू नववर्ष का स्वागत

गोहाना। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के अवसर पर मंगलवार को न्यायिक परिसर में हवन किया । कार्यक्रम अधिवक्ता परिषद की गोहाना इकाई एवं बार एसो गोहाना के साझे तत्वावधान में आयोजित हुआ। अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र दहिया ने की। संयोजन उपाध्यक्ष रविन्द्र शर्मा और कोषाध्यक्ष अशोक पूनिया का रहा। हवन स्वामी अमृतानंद ने सम्पन्न करवाया। मुख्य अतिथि फैमिली कोर्ट गोहाना में प्रिंसीपल जज कुलदीप सिंह, सीनियर डिविजन जज खुशबू गोयल, जूनियर डिविजन सिविल जज ज्योति व जूनियर डिविजन सिविल जज कोमल रहे। विशिष्ट अतिथि रामकुमार मित्तल, संरक्षक अधिवक्ता परिषद प्रांत हरियाणा एवं रोहतक विभाग प्रमुख वीरेंद्र सिंह आर्य रहे। हवन में अधिवक्ता रामलाल सिंगला, इंद्र सिंह सहरावत, श्याम सुंदर मिगलानी, विनोद अग्रवाल, अशोक लठवाल मौजूद रहे।



गोहाना। हवन में आहुतियां डालते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि



खरखौदा। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते प्राचार्य भूदेव। फोटो : हरिभूमि

### दाखिले बढ़ाने के लिए अभिभावक करें सहयोग

खरखौदा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राचार्य भूदेव सिंह ने अभिभावकों को बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को लाभ देने के लिए बुनियाद, सुपर 100, टैलेंट सर्च व अन्य योजनाएं लागू की गई है, जिनका अभिभावकों व विद्यार्थियों को लाभ उठाना चाहिए। इसलिए सरकारी विद्यालय में बच्चों का दाखिला कराएं, ताकि उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके। विद्यालय में नए विद्यार्थियों का फूल माला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से जुड़ी पुस्तकों का सेट वितरित किए गये। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों का आह्वान किया कि वे शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए अन्य अभिभावकों को जागरूक करें।



खरखौदा। विजेता छात्राओं के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

खरखौदा। कन्या महाविद्यालय बी.वोकेशनल, (कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं होटल मैनेजमेंट एवं स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन एंड फिजियोथैरेपी) एम वोकेशनल (फूड साइंस एवं न्यूट्रिशन) की छात्राओं ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा आयोजित रंग व्यंजन नामक गतिविधि में भाग लिया। जिसमें छात्राओं ने द्वितीय स्थान के साथ 21000 रुपए की राशि इनाम स्वरूप प्राप्त की। इस गतिविधि के लिए राजबीर व मोहित (असिस्टेंट प्रोफेसर) ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्राचार्या डॉ प्रमिला ने प्राध्यापकों और छात्राओं की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# पद्मश्री डॉ संतराम का नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप स्कूल खरखौदा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा जगत के महान व्यक्तित्व, पद्मश्री डॉ संतराम देशवाल का नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, कन्या कॉलेज खरखौदा व चौ प्रताप सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के प्रधान वेदप्रकाश पहलवान, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, उपप्राचार्या नरेश कुमार, डॉ दीपिका व पूजा दहिया ने पद्मश्री डॉ संतराम देशवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस बीच पद्मश्री डॉ संतराम देशवाल ने बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें शिक्षा के प्रति मेहनत और समर्पण के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए कठोर परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा, संस्कार, खेल और शिक्षकों की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए वह प्रबंधन समिति को बधाई देते हैं। प्राचार्या दया दहिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन देते हुए कहा, हम अनुशासन एवं संस्कार के साथ ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। यदि हम आरंभ से ही अनुशासन में रहकर अपने कार्यों को पूर्ण करते हैं, तो सफलता जरूर मिलती है।



खरखौदा। डॉ संतराम देशवाल को सम्मानित करते प्रबंधन समिति।



सोनीपत। कैंप के दौरान चैकअप करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 201 मरीजों के नेत्र जांचे

सोनीपत। अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली से वेणु आई इंस्टीट्यूट व रिसर्च सेंटर से अनुभवी डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी। जिसमें 201 मरीजों ने अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया। इसमें से 20 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई उन मरीजो को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए सभी 20 मरीजों को दिल्ली भेजा कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त मे चश्मे का प्रबंध अर्णव ऑप्टिशियन द्वारा किया गया।

**बैठक** | नशा मुक्त हरियाणा का संदेश पहुंचाया जा रहा हर घर की दहलीज तक

# ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन का 14 को जिले में पहुंचने पर होगा स्वागत : डा. मनोज

- उपायुक्त ने साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर कैंप कार्यालय में की अधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर 14 अप्रैल को साइक्लोथॉन रोहतक की तरफ से जिला सोनीपत की सीमा में प्रवेश करेगी और यह गांव सिसाना, खरखौदा, झरोठ, रोहट से होते सोनीपत शहर में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन का जिला में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान यह साइक्लोथॉन जिलावासियों को नशे के खिलाफ संदेश देगी। साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुँचाना है, और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाड़ियों, व सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन रूट पर सुरक्षा सहित सभी व्यवस्था पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन के रूट पर जगह-जगह यात्रा के भव्य स्वागत की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के विरूद्ध चलाई जा रही इस मुहिम से जुडऩे व साइक्लोथॉन में भागीदारी के लिए आज ही हरियाणा उदय पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करें, ताकि नशा मुक्ति का संदेश व्यापक स्तर पर फैले। मौके पर नगराधीश डा. अनमोल, शुगर मील आहुलाना की एमडी अंकिता वर्मा, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, एडीआईओ विजय सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद जिला उपायुक्त व अन्य। फोटो : हरिभूमि



खरखौदा। हवन में शामिल शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### धार्मिक अनुष्ठानों से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह

खरखौदा। फरमाना गांव स्थित पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। हवन यज्ञ के दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया था। प्रधानाचार्या मोनिका फोगाट ने बताया कि इस हवन यज्ञ का उद्देश्य छात्रों के उज्ज्वल भविष्य, ज्ञान एवं सद्भावना का संचार करना है। धार्मिक अनुष्ठानों से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, जिससे विद्यार्थी एकाग्रता, अनुशासन और सफलता की राह पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएँ दीं और उन्हें मेहनत, लगन एवं नैतिक मूल्यों के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन के हर पहलू में अच्छे संस्कारों का समावेश भी आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निदेशक, शिक्षकगण एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने किया धन्यवादी दौरा

# पांच गांवों में विकास कार्यों पर खर्च होंगे दो करोड़ : विधायक

■ स्वीकृत की गई राशि से गांवों में अंबेडकर भवन तथा चौपाल और सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया जाएगा।


राई। हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत धन्यवाद करने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत करते हुए । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने राई हलके के पांच गांवों में विकास कार्यों के लिए करीब दो करोड़ रुपये की राशि मंजूर करवाई है। स्वीकृत की गई राशि से गांवों में अंबेडकर भवन तथा चौपाल और सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया जाएगा। बड़ौली, कमासपुर, चौहान जोशी तथा अटेरना और नाहरी गांवों में भवनों के निर्माण कार्य के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करवाई है। इन गांवों के ग्रामीण कार्यालय में पहुंचे और विकास की सौगात देने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि विधायक गहलावत ने उनकी मांग को पूरा किया है, जिसका विशेष लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। विधायक के समक्ष रखी जाने वाली हर मांग को वे पूरा करवाती हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि बड़ौली में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए 23.78 लाख रुपये, कमासपुर में पिछड़ा वर्ग की चौपाल के निर्माण के लिए 22.44 लाख रुपये, अटेरना में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 65 लाख रुपये तथा चौहान जोशी में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए 23.78 लाख रुपये और नाहरी में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 65 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई गई है। अति शीघ्र इन गांवों में भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा, जिसे समय पर पूरा करवाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर, बलबीर, प्रवीण आंतिल, अनिल आंतिल, सरपंच सतेंद्र, सरपंच रिंकू, सुनील, अनिल, सोनू मास्टर, घनश्याम, सरपंच रविंद्र, पदम दहिया, राहुल दहिया, दीपांशु, नरेंद्र, अमरजीत, शीलू, जयवीर मछरोला आदि गणमान्य व्यक्ति तथा ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलका से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल धन्यवादी दौरे पर मंगलवार को गांव बली ब्राह्मण, रभड़ा, सिकंदरपुर माजरा, ठसका, माहरा, भैंसवान खुर्द, रूखी, मिर्जापुर खेड़ी और छिछड़ाना पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को फोन करके उनके समाधान के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ लोगों ने उनको दोबारा विधानसभा भेजा है वे उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली की लाइनों व अन्य समस्याएं बताई, जिस पर विधायक ने अधिकारियों को फोन करके समाधान के निर्देश दिए।


गोहाना। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

इस मौके पर रघुबीर जागसी, रवि इंदौरा, सरपंच जगपाल, नवीन, दलबीर, राकेश, डा. सिसन, रणबीर वकील, आशीष लठवाल और सुनील कुंडू मौजूद रहे।

# स्केटिंग में अंशिका ने जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ प्राचार्या गीता ने छात्रा का मिठाई खिलाकर किया स्वागत

हॉल ही मे आयोजित ऑल इण्डिया रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा अंशिका ने ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया। प्राचार्या गीता ने छात्रा का मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ सुमन मान ने बताया की यह प्रतियोगिता भोपाल में 24-26 मार्च में आयोजित की गयी थी। जिसमे कॉलेज की बीएससी स्पोर्ट्स की छात्रा अंशिका ने 10 किलोमीटर रेस में हिस्सा लेकर यूनिवर्सिटी और कॉलेज का नाम रोशन किया।

कॉलेज की कॉमर्स विभाग की अध्यापिका डॉ मोनिका दहिया ने टीम मैनेजर की भूमिका निभाई। टीकाराम एजुकेशन सोसइटी के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने छात्रा का हौसला बढ़ाते हुए और आशीर्वाद देते हुए लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डा. अलका , टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टॉफ सदस्यों ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## उपायुक्त ने की पेयजल को व्यर्थ नहीं बहाने की अपील

**सोनीपत।** गर्मी के मौसम के चलते जिलावासियों का आह्वान किया कि वे पीने के पानी को व्यर्थ न बहाएं। गर्मी के मौसम में जल संरक्षण का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। जल संरक्षण जरूरत भी है और यह हमारा कर्तव्य भी है। इसलिए सभी जिलावासी जल संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम धीरे-धीरे अपने परवान पर चढ़ता जा रहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे पानी की खपत बढ़ती जा रही है। नागरिकों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी नागरिकों को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिले, इसको लेकर उनके द्वारा सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

# आंगनवाड़ी वर्कर सावित्री मलिक 38 साल की सेवा के बाद हुईं सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

ललहेड़ी कला गांव से आंगनवाड़ी वर्कर सावित्री मलिक अपनी 38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गई। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मीनाक्षी, शकुंतला, सीमा हुड्डा ने भाग लिया। सुपरवाइजर सीमा हुडा ने सेवानिवृत कर्मी सावित्री मलिक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि सावित्री ने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत ही मेहनत व लगन से कार्य किया। उनके द्वारा किए गए बेहतर कार्य के कारण हमेशा याद किया जाएगा । उन्होंने अन्य आंगनबाड़ी वर्कर से अपील करते हुए कहा कि वे सेवानिवृत कर्मी सावित्री के कार्य का अनुसरण करें।


गन्नौर। आंगनवाड़ी वर्कर सावित्री मालिक को सम्मान करते हुए सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी वर्कर्स ।

सेवानिवृत होने वाली वर्कर सावित्री मलिक ने कहा कि विभाग कि प्रत्येक सुपरवाइजर का उन्हें पूरा मार्गदर्शन मिला। आज उनकी सराहना हो रही है वह विभाग की सुपरवाइजर की ही बदौलत हो रही है कि उन्होंने समय-समय पर उनका मार्गदर्शन किया और वह मार्गदर्शन में कार्य करती रही।

### ये रहीं मौजूद

इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर गीता राठी , सुशील ,सरिता, सतवंती, फूल कुमारी ,सुदेश ,अनीता, संतोष आदि मौजूद थी।

## डीसीआरयूएसटी में रक्तदान शिविर आज

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में 2 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन होगें, कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह करेंगे।

डीसीआरयूएसटी की एनसीसी व एनएसएस संयुक्त रूप से मिलकर यूथ रेडक्रॉस, सोनीपत के सहयोग से 2 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। रक्तदान शिविर का आयोजन ब्वायज हॉस्टल के चंद्रशेखर हाल में किया जाएगा। रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे प्रारंभ हो जाएगा। रक्तदान शिविर में एनसीसी कैडेट, एनएसएस वालंटियर के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी रक्तदान करेंगे।


श्री महावीराय नमः
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



प्रार्थना सभा एवं रस्म पगड़ी
आपको अत्यन्त दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य, हमारे आदर्श
श्री शेखर चन्द जैन सुपुत्र सेठ श्री जुगमंदर दास जैन
(प्रधान व्यापार मंडल गन्नौर)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर
सोमवार दिनांक 24.03.2025 को प्रभु चरणों में विलीन हो गए हैं।
उनकी आत्मिक शांति हेतु प्रार्थना सभा एवं रस्म पगड़ी
निम्न कार्यक्रमानुसार होगी।
वीरवार, दिनांक 03 अप्रैल 2025
प्रार्थना सभा एवं रस्म पगड़ी ...................... दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक
स्थान :- पारस वाटिका, रेलवे रोड़, गन्नौर
शोकाकुल परिवार
प्रेम चन्द जैन, सुरेश चन्द जैन (भाई)
श्रीमती मुन्नी देवी (पत्नी)
गौरव जैन – शिवानी जैन पार्षद वार्ड 15 (पुत्र पुत्रवधू)
प्रियंका जैन अनुज जैन (पुत्री–दामाद)
विकास जैन, अमन जैन, रमन जैन (भतीजे)
सुपौत्री–सुपौत्र
दृष्टि जैन – अर्हम जैन
एवं समस्त जैन परिवार
जैन इलैक्ट्रिकल सेल्स, रेलवे रोड़, गन्नौर
शेखर ट्रेडिंग कम्पनी, दुकान नं0 40, नई अनाज मण्डी, गन्नौर
M. 9582209463, 9896435672, 8053004094, 7011132114




## शहर में बंद पड़े बस अड्डे को जल्द मिलेगा नया स्वरूप, प्रस्ताव किया जा चुका है पासः कादियान

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि शहर में बंद पड़े बस अड्डे को नया रूप देने के लिए परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग से प्रस्ताव पास करवा लिया गया है। अब बस अड्डे को आधुनिक बनाया जाएगा, जिसमें काम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा, जिससे सरकार की आमदनी बढ़ेगी। जल्द ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी होगा। विधायक मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गढ़ी झंझारा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गढ़ी झंझारा के साथ कादियान ने जफरपुर, भौरा, खेड़ी गुर्जर, बिलंदपुर, अहीर माजरा, कैलाना और एमपी माजरा गांवों का भी दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने लाइब्रेरी, इंडोर जिम, पार्क, चौपाल, स्कूलों में कमरे और ड्रेन नंबर 6 की सफाई जैसी मांगें रखीं। विधायक ने भरोसा दिलाया कि जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले साल में ही जनता को विकास कार्य दिखने लगेंगे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लाइब्रेरी को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी।

# मॉडर्न स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ हवन से



**गन्नौर ।** शास्त्री नगर में स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का हवन यज्ञ करके शुभारंभ किया । स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा, मुख्यध्यापिका महक धनखड व स्कूल के सभी शिक्षको ने हवन में पूर्ण आहूति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर शुभ कार्य की शुरुआत पूजा अर्चना के साथ होनी चाहिए। बच्चों को स्नेह और मैत्रीपूर्ण ढंग से पढ़ाना चाहिए। हवन यज्ञ के समापन के बाद सभी शिक्षको व छात्रों को प्रसाद वितरित किया गया । वर्मा ने कहा कि बच्चो को अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। सत्र शुरू होने से पहले स्कूल में हवन करने से सकारात्मक और शुभ माहौल बनता है। जो सभी छात्रों व शिक्षको को अपने अन्दर से जुडने और अपनी आध्याति जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करता है । स्कूल के शिक्षकों ने भी हवन में आहुती डालकर छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



# समाज को खोखला कर रहा है नशा : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के समाज कार्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से नशा मुक्ति अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पंवार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने शिरकत की।

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी नशे की जद में आ रही है जो एक गहन चिंता का विषय है। समाज में जागरूकता के माध्यम से नशे को रोका जा सकता है। समाज कार्य विभाग की यह पहल समाज के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। कुलपति ने कहा कि नशा न केवल आर्थिक व शारीरिक नुकसान कर रहा है अपितु समाज में अराजकता भी फैल रही है। कुलसचिव प्रो. शिवालिक ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिएं। कार्यक्रम में भगत फूल सिंह राजकीय महिला आयुर्विज्ञान संस्थान के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गर्ग और एमएसएम आयुर्वेदा महाविद्यालय की सहायक प्रो. डॉ. ममता ने भी नशा मुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. एपी नायक, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परविंदर कौर, डॉ. नूतन, डॉ. नितिका, डॉ. शीला, डॉ. प्रीति, हॉस्टल वार्डन व अटेंडेंट की छात्राएं मौजूद रहीं।


FIMS HOSPITAL
(Frank Institue of Medical Sciences)
Bahalgarh-Sonipat Road, Sonipat, Haryana
10 साल निरंतर देखभाल
मेगा निःशुल्क जांच शिविर
फिम्स अस्पताल अपनी 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मेगा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन कर रहा है




• निःशुल्क परामर्श सभी ओपीडी स्पेशिलिटी में।
• सभी टैस्टों पर 25% की छूट।
दिनांक:- 02 अप्रैल 2025 (बुधवार) | समयः- 09:00 AM से 02:00 PM



साथ ही मुफ्त मेडिकल बेनिफिट कार्ड प्राप्त करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
0130-2205000, 7056712036, 7056712021, 7056712030
www.fimssonipat.com | Follow us:
"On panel of CGHS, Haryana Govt., ESI, ECHS, Delhi Gov, Railway, NDMC, DJB, FCI, MCD, AAI, DTL, DTC, TPDDL, Raksha, Star, and all Major Insurance Companies, TPAs, & PSUs."